# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज**

**दिल्ली – ११००९२**

**सत्र-2026-**

| कक्षा:-8 | विषय: हिंदी- अमृत संचय | पाठ:३ गृह-दाह |
|---|---|---|

**प्रश्न/ उत्तर**

उ०१) गंगा- स्नान करते समय निर्मला गहरे पानी में चली गई, जहाँ अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नदी में डूब गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

**उ०२) नानी ने नई माता ( देव प्रिया) से कहा-" बेटी, कैसा सुंदर बालक है! इसे प्यार करना।"**

**उ०३) सत्य प्रकाश अपनी सौतेली माता (विमाता) के कठोर, निष्ठुर और भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर आजीविका कमाने और स्वाभिमान की रक्षा के लिए घर छोड़कर कोलकाता चला गया था।**

**उ०४) ज्ञानप्रकाश ने परिवार की दयनीय स्थिति, अपने भाई के साथ हुए दुर्व्यवहार और घर के अशांत वातावरण को देखते हुए विवाह न करने का निर्णय कर लिया था।**

**उ०५) आत्मग्लानि, पारिवारिक कलह, घर की दुर्दशा और बेटी की उपेक्षा से व्यथित होकर मानसिक तनाव में नई माता ने विष खा लिया।**